# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

## Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

Telephone 07782-229037, Fax 07782-229037 Website: www.bvvjdp.ac.in

क्रमांक/641/610/सा.प्रशा./स्थापना/2023 जगदलपुर, दिनांक 05/09/2023

## –:: सूचना ::–

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के सूचना क्रमांक/0575/610/सा. प्रशा./स्थापना/2023 जगदलपुर दिनांक 29.08.2023 द्वारा विश्वविद्यालय के विज्ञापन क्रमांक/395/610/सा.प्रशा./स्थापना/2023 जगदलपुर दिनांक 01.06.2023 के अनुसार विभिन्न अध्ययनशालाओं में अतिथि व्याख्याता के रूप में अध्यापन कार्य हेतु निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय के पोर्टल में प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों एवं आवेदन के प्रिंटआउट/हार्ड कापी के साथ संलग्न किये गये दस्तावेजों का विश्वविद्यालय स्तर पर गठित स्क्रूटिनी समिति से जाँच एवं की गई अनुशंसा के आधार पर जारी सूचना क्रमांक/501/610/सा.प्रशा./स्थापना/2023 जगदलपुर दिनांक 02.09.2023 एवं सूचना क्रमांक/517/610/सा.प्रशा./स्थापना/2023 जगदलपुर दिनांक 07.09.2023 के अनुसार साक्षात्कार के लिए अनुशंसित आवेदकों का साक्षात्कार हेतु निम्नानुसार तिथि एवं समय निर्धारित किया गया था।

<u>साक्षात्कार के लिए अनुशंसित आवेदकों का साक्षात्कार हेतु निम्नानुसार संशोधित तिथि एवं समय निर्धारित किया जाता है:–</u>

| क्रमांक | संकाय | विषय | साक्षात्कार की संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | **जीव विज्ञान** | **वानिकी एवं वन्यजीव** | दिनांक **13-09-2023**<br>सुबह 10.30 बजे से दोपहर 11.30 बजे तक |
| 2 | **शिक्षा** | **शिक्षा** | दिनांक **13-09-2023**<br>दोपहर 02.30 बजे से 05.30 बजे तक |
| 3 | **सामाजिक विज्ञान** | **राजनीति विज्ञान** | दिनांक **14-09-2023**<br>सुबह 10.30 बजे से दोपहर 01.30 बजे तक |
| 4 | **सामाजिक विज्ञान** | **समाज कार्य** | दिनांक **14-09-2023**<br>दोपहर 02.00 बजे से 03.00 बजे तक |
| 5 | **कला** | **अंग्रेजी** | दिनांक **16-09-2023**<br>सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक |
| 6 | **जीव विज्ञान** | **जैव प्रौद्योगिकी** | दिनांक **16-09-2023**<br>दोपहर 12.30 बजे से 02.00 बजे तक |
| 7 | **सूचना प्रौद्योगिकी** | **कम्प्यूटर अनुप्रयोग** | **दिनांक 16-09-2023**<br>दोपहर 03.00 बजे से 04.30 बजे तक |

**महत्वपूर्ण निर्देश:–**

1. विज्ञापन क्रमांक/395/610/ सा.प्रशा./स्थापना/2023 जगदलपुर दिनांक 01.06.2023 के अनुसार विभिन्न अध्ययनशालाओं में अतिथि व्याख्याता के रूप में अध्यापन कार्य हेतु विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय है। विश्वविद्यालय में अध्यापन कार्य हेतु आवश्यकता के अनुसार अतिथि व्याख्याता हेतु पदों की संख्या में कमी या वृद्धि किया जा सकता है।
2. साक्षात्कार हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होने वाले आवेदकों को साक्षात्कार में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।
3. साक्षात्कार हेतु निर्धारित तिथि एवं समय के 1–2 घंटा पूर्व प्रशासन विभाग में उपस्थित होकर आवेदन एवं मूल शैक्षणिक अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं मूल पहचान पत्र जैसे– आधार, पैन, वोटर आईडी आदि के साथ स्वप्रमाणित छायाप्रति का एक दो पृथक–पृथक सेट प्रस्तुत करना अनिवार्य है। साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले आवेदकों को स्वयं का पासपोर्ट साईज नवीनतम रंगीन फोटो लाना और दस्तावेजों के साथ जमा करना अनिवार्य है।
4. साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले आवेदकों को उनके निवास स्थान से विश्वविद्यालय तक आने एवं वापस जाने के यात्रा देयक आदि का भुगतान नहीं किया जायेगा। स्वयं के व्यय से आने–जाने एवं ठहरने की व्यवस्था करना होगा।
5. साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले आवेदकों को उपस्थिति पत्रक एवं पंजी में यथा स्थान आवश्यक जानकारी दर्ज कर हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।

05.9.2023

6. साक्षात्कार हेतु विषय वार आवेदकों की सूची, विषय वार साक्षात्कार तिथि एवं समय, विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है। आवेदकों को उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में दर्ज किये गये ई–मेल आईडी पर भी इस सूचना को प्रेषित किया जा रहा है। आवेदकों को उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में दर्ज किये गये मोबाइल नंबर पर भी व्यक्तिगत रूप से दूरभाष पर सूचना दिया जा रहा है।
7. व्यक्तिगत रूप से किसी भी कारण से सूचना प्राप्त नहीं होने के कारण साक्षात्कार में उपस्थित नहीं होने पर पुनः साक्षात्कार आयोजित करने अथवा आयोजित किया गया साक्षात्कार एवं अंतिम चयन सूची निरस्त करने का दावा मान्य नहीं होगा।
8. साक्षात्कार संपन्न होने के बाद अंतिम मेरिट एवं चयन सूची जारी किया जायेगा। जिसमें मेरिट अनुसार आवेदकों को अतिथि व्याख्याता के रूप में विज्ञापन में उल्लेखित शर्तों एवं विश्वविद्यालय के विनियम–117 के प्रावधानों के अनुसार आमंत्रित किया जायेगा।
9. आमंत्रण स्वीकार होने पर निर्धारित प्रारूप में भारतीय गैर न्यायिक स्टाम्प में शपथ पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करते हुए निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रशासन विभाग में उपस्थिति देना होगा। उपस्थिति मान्य किये जाने पर संबंधित अतिथि व्याख्याता को संबंधित अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष के समक्ष उपस्थिति देते हुए उनके निर्देशानुसार अध्यापन कार्य करना होगा।
10. अन्य आवश्यक सूचना/निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर यथासमय जारी किया जायेगा।

**कुलसचिव,**
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक/ /610/सा.प्रशा./स्थापना/2023 जगदलपुर, दिनांक 05/09/2023

प्रतिलिपिः–

1. माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर को सूचनार्थ।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर को सूचनार्थ।
3. वेबसाईट प्रभारी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर को आवेदकों के सूचनार्थ विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर तत्काल अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. संबंधित नस्ती।

05.9.2023

**सहायक कुलसचिव (प्रशासन)**
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर (छ.ग.)